युवराज

NEWS TODAY Update

# न्यूज़ टुडे

RNI:- BIHHIN05409

राष्ट्रीय हिन्दी पाक्षिक

आपकी आवाज़

www.newstodayupdate.in

वर्ष : 06 अंक : 12 तिथि : 30 जून 2020 मूल्य : निःशुल्क प्रधान संपादक : डा. राजेश अस्थाना – 9471005272, 8210595830

email: newstodaymth@gmail.com website : newstodayupdate.in


## न्यूज़ टुडे अनलॉक डाउन स्पेशल रोजाना अंक

## दीवाली और छठ पूजा तक गरीबों को मिलेगा मुफ्त राशन, 80 करोड़ लोगों को होगा लाभ



ई. युवराज,
मुख्य कार्यकारी अधिकारी,
न्यूज टुडे मीडिया समूह

बिग ब्रेकिंग




देश में जारी कोरोना वायरस के प्रकोप के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को संबोधित किया. पीएम मोदी ने अपने संबोधन में घोषणा की कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के अंतर्गत गरीबों को मुफ्त राशन की योजना पांच महीने बढ़ाई जा रही है. अब ये योजना नवंबर तक देश में लागू रहेगी. इस योजन के तहत गरीबों को 5 किलो मुफ्त गेंहू या चावल और एक किलो चना दिया जाएगा. प्रधानमंत्री ने कहा कि इस योजना को नंवबर तक लागू करने में 90 हजार करोड़ का अतिरिक्त खर्च आएगा. पीएम ने ये भी कहा कि जब से ये योजना शुरू हुई है, तब से नवंबर तक इसमें डेढ़ लाख करोड़ तक का खर्च आएगा.

पीएम मोदी ने कहा कि हम कोरोना के साथ–साथ ऐसे मौसम की ओर बढ़ रहे हैं जहां पर तमाम तरह की बीमारियां होती हैं. ऐसे में सभी को अपना ध्यान रखने की जरूरत है. मेरा आपसे विनम्र निवेदन है कि अपना ध्यान रखें. पीएम मोदी ने कहा अनलॉक होने के बाद से लापरवाही बढ़ रही है. पहले मास्क लगाने और 2 गज की दूरी और हाथ धोने को लेकर हम सतर्क थे, लेकिन जब ज्यादा ध्यान रखना है तो हम लापरवाही बरत रहे हैं. हमें फिर से पहले जैसी सतर्कता दिखाने की जरूरत है, खासकर कि कंटेनमेंट जोन में. नियमों का पालन न करने वालों को रोकना, टोकना और समझाना भी होगा.

पीएम मोदी ने कहा कि भारत में स्थानीय प्रशासन को चुस्ती से काम करना होगा ताकि लोग लापरवाही न बरतें. भारत में चाहे गांव का प्रधान हो या देश का प्रधानमंत्री कोई भी नियमों से ऊपर नहीं है.

## कोरोना वायरस संक्रमण के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए अनलॉक-2 में ज्यादा छूट नहीं, स्कूल-कॉलेज और कोचिंग संस्थान, मेट्रो, बार, सिनेमा आदि पर रोक बरकरार रखी गई



डा. राजेश अस्थाना,
एडिटर इन चीफ,

अनलॉकडाउन 2.0




कोरोना वायरस संक्रमण के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए अनलॉक–2 में ज्यादा छूट नहीं दी गई है। अनलॉक–2 में ध्यान रखा गया है कि लोग शारीरिक दूरी का पूरा पालन करें। इसलिए मेट्रो, बार, सिनेमा आदि पर रोक बरकरार रखी गई है। अनलॉक–1 खत्म होने से एक दिन पहले केंद्र सरकार ने सोमवार रात अनलॉक–2 के लिए दिशा– निर्देश जारी किए, जो एक जुलाई से प्रभावी होगा। स्कूल–कॉलेज और कोचिंग संस्थान 31 जुलाई तक बंद रहेंगे। उसके बाद राज्यों के साथ विचार–विमर्श के बाद ही इन्हें खोलने का फैसला किया जाएगा। केंद्रीय गृह मंत्रालय की तरफ से जारी दिशा– निर्देशों के मुताबिक अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर भी अभी रोक रहेगी। हालांकि, बंदे भारत अभियान के तहत अंतराष्ट्रीय उड़ानों को छूट रहेगी। घरेलू उड़ानों और यात्री ट्रेनों का दायरा भी चरणबद्ध तरीके से बढ़ाया जाएगा। लेकिन मेट्रो रेल, सिनेमा, जिम और बार बंद रहेंगे।

नई गाइडलांइस के अनुसार, रात के 10 बजे से लेकर सुबह के 5 बजे तक नाइट कर्फ्यू रहेगा, इस दौरान लोगों की आवाजाही पर रोक रहेगी। जरूरी गतिविधियों और कुछ अन्य को इससे छूट दी गई है। दिशा–निर्देशों के मुताबिक केंद्र और राज्य सरकार के प्रशिक्षण केंद्र 15 जुलाई से खुल जाएंगे। इस संबंध में कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा दिशा–निर्देश जारी किए जाएंगे। कंटेनमेंट जोन में 31 जुलाई तक लॉकडाउन लागू रहेगा। इन क्षेत्रों में सिर्फ आवश्यक सेवाओं को ही अनुमति दी जाएगी। शिफ्ट में काम करने वाले लोगों को रात के कर्फ्यू से छूट रहेगी। नेशनल और स्टेट हाईवे पर यात्रियों और सामान की आवाजाही की अनुमति होगी। बस, ट्रेन और विमान से उतरकर अपने घर जाने वाले लोगों को भी रात के कर्फ्यू से छूट मिलेगी।
दुकानों में भीड़ जमा होने से रोकने के उपाय जारी रहेंगे। एक बार में पांच से ज्यादा लोगों को दुकान में घुसने पर रोक रहेगी। उन्हें भी शारीरिक दूरी बनाए रखने के नियमों का पालन करना होगा। इसके अलावा सामाजिक, राजनीतिक, खेल, मनोरंजन, शैक्षणिक, सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रमों और भीड़ जमा होने वाले समारोहों के आयोजन पर रोक जारी रहेगी। गृह मंत्रालय की नई गाइडलाइंस एक जुलाई से प्रभावी होंगी। अनलॉक–2 की गाइडलाइन राज्य, संघ शासित प्रदेश और केंद्र मंत्रालय व उसके विभागों से परामर्श के बाद जारी की गई हैं।

अनलॉक–2 की गाइडलाइन के अनुसार केंद्र और राज्य सरकारों के ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट कंटेनमेंट जोन के बाहर खोले जा सकेंगे। 15 जुलाई से इन्हें खोलने की इजाजत होगी। स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रॉसीजर का पालन करना होगा।
गाइडलाइन में राज्यों के लिए प्रावधान किया गया है कि वे कंटनेमेंट जोन के बाहर वैसे बफर जोन की पहचान कर सकते हैं, जहां कोरोना के केस बढ़ने की संभावना है। जिला प्रशासन ऐसी जगहों पर आवश्यक प्रतिबंध लगा सकता है। उधर, महाराष्ट्र के बाद तमिलनाडु सरकार ने एलान किया कि लॉकडाउन 31 जुलाई तक बढ़ाया गया। चेन्नई और कांचीपुरम, चेंगलपट्टू और तिरुवल्लुवर समेत मदुरै और ग्रेटर चेन्नई पुलिस की सीमा में 5 जुलाई तक पूर्ण लॉकडाउन रहेगा।

## राजधानी पटना में गांधी सेतु पर बन रहे समानांतर पुल निर्माण में चीनी कंपनियों से भागीदारी रखने वाले दो कॉन्ट्रैक्टरों का टेंडर बिहार सरकार ने रद्द किया



आशीष राज,
स्थानीय संपादक,




राजधानी पटना में गांधी सेतु पर बन रहे समानांतर पुल निर्माण में चीनी कंपनियों से भागीदारी रखने वाले दो कॉन्ट्रैक्टरों का टेंडर बिहार सरकार ने कैंसिल कर दिया है। इन्हें पटना में गंगा नदी पर महात्मा गांधी सेतु के सामानांतर एक नया पुल बनाने की जिम्मेदारी दी गई थी। बिहार के सड़क निर्माण मंत्री नंद किशोर यादव ने बताया कि चाइनीज कनेक्शन के कारण 4 में से 2 ठेकेदारों के टेंडर को राज्य सरकार ने रद्द कर दिया है।

पटना में गंगा नदी पर महात्मा गांधी सेतु के बराबर एक और नए पुल का निर्माण होना है। इसके लिए 4 ठेकेदारों का चयन किया गया जिनमें से 2 कॉन्ट्रैक्टरों की चीनी कंपनियों के साथ साझेदारी थी। इसलिए राज्य सरकार इन दो कॉन्ट्रैक्टरों का टेंडर रद्द कर दिया।
मंत्री नंद किशोर यादव ने कहा कि सरकार ने ये कदम उठाने से पहले इन दो ठेकेदारों को अपना पार्टनर बदलने को कहा था। लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। लद्दाख में सीमा पर चीन की करतूतों से भारत का जनमानस गुस्से में है। इसे देखते हुए राज्य सरकार जनता के मूड के अनुसार ही चलेगी। अब सरकार ने इस पुल निर्माण के लिए फिर से आवेदन मांगा है ताकि टेंडर दूसरों को दिया जा सके।

### भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य बने पूर्व मुखिया संजय सिंह, बधाइयों का लगा तांता



संतोष राऊत न्यूज टुडे,

उपलब्धि




पूर्वी चम्पारण पताही प्रखंड में परसौनी कपूर के पूर्व मुखिया संजय कुमार सिंह को भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मनोनित किया गया है। इनके मनोयन पर माननीय सासंद व लोकसभा के अध्यक्ष रमा देवी, बिहार सरकार सहकारिता मंत्री राणा रणधीर सिंह, चिरैया विधायक लालबाबु प्रसाद गुप्ता, ढाका पूर्व विधायक पवन जायसवाल, जिला अध्यक्ष राजेश तिवारी, पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र प्रसाद, चंचल कुमार सिंह, मुना शाही, गगेश्वर सिंह, शिकारगंज मंडल अध्यक्ष राकेश यादव, अशोक सिंह चौहान, संतोष कुमार सिंह, विकास कुमार सिंह, संतोष कुमार पाठक, अरुण कुमार सिंह, अमित सिंह चौहान, सुजित कुमार पाण्डेय, सुभाष कुमार पाण्डेय, उपेन्द्र पाण्डेय, पप्पू चौधरी सहित सभी कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया है। सभी ने संजय कुमार सिंह को बहुत बहुत बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इनके अनुभव से लाभ भाजपा पार्टी को आगामी विधानसभा चुनाव में मिलेगा।

## भारत-चीन के बीच चल रहे विवाद का असर अब पर्यटन सेक्टर पर, चीनी नागरिकों को ठहरने के लिए होटल में कमरे नहीं देंगे साथ ही रेस्टोरेंट में भी उनके प्रवेश निषेध



सम्राट, संवाददाता




भारत–चीन के बीच चल रहे विवाद का असर अब पर्यटन सेक्टर पर भी दिखने लगा है. भगवान बुद्ध की ज्ञान स्थली बोधगया में अब चीनी नागरिकों को ठहरने के लिए कोई भी होटल कमरे नहीं देंगे साथ ही रेस्टोरेंट में भी उनके प्रवेश को निषेध कर दिया गया है. बोधगया होटल एसोसिएशन एवं बोधगया रेस्टोरेंट एसोसिएशन ने एक बैठक कर यह निर्णय लिया है. बोधगया होटल एसोसिएशन के महासचिव सुदामा कुमार ने बताया कि बोधगया होटल एसोसिएशन ने बोधगया आनेवाले चीनी यात्रियों का बहिष्कार करने का निर्णय लिया है.

**चीन की हरकत कायराना**

इंडो–चीन एलएसी बॉर्डर पर गलवान घाटी में चीनी सैनिकों ने भारतीय वीर सैनिकों पर पिछले दिनों घात लगाकर हमला किया जिससे हमारे बीसों जवान शहीद हो गए. निश्चय ही उनकी ये कायराना हरकत है और विश्वासघात के तहत बातचीत के लिए गए हमारे सैनिकों पर हमला किया गया है. सुदामा ने बताया कि कुछ वर्ष पूर्व भी चीनियों ने इंडो चीनी भाई–भाई के मंत्र को तार–तार करते हुए भारत चीन के एक अन्य सीमाक्षेत्र डोकलाम में भी इसी तरह से हाथापाई की थी.

**चीन युद्ध नीति पर चलेगा तो हम बुद्ध नीति पर नहीं चलेगा**

बोधगया होटल एसोससिएशन ने कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स एसोसिएशन के साथ मिलकर देशहित में चीनी उत्पादों और चीनी पर्यटकों का बोधगया में बहिष्कार का निर्णय लिया है. इसके साथ ही यहां कहीं भी चीनी नागरिकों को रहने के लिये कोई भी कमरा नहीं दिया जाएगा. संगठन ने कैट के चीनी सामग्री बहिष्कार के अभियान का भी समर्थन करते हुए यह निर्णय लिया है. व्यवसायियों ने कहा कि भारत अतिथि देवो भवः के तर्ज पर चलता है लेकिन चीन युद्ध की नीति पर चलेगा तो हम बुद्ध की नीति पर नहीं चलेंगे.

**हर साल आते हैं १० हजार यात्री**

बिहार के बोधगया में चीन से हर साल 10 हजार से भी ज्यादा चीनी नागरिक बोधगया घूमने के लिए आते हैं और यहां के विभिन्न होटलों में ठहरते हैं. इसके साथ ही इनसे कई तरह से आमदनी भी होती है लेकिन देशहित को ध्यान में रखते हुए व्यवसायियो ने ये फैसला लिया है.


Yuvaraj Media & Entertainment
बिहार विधानसभा चुनाव में डिजीटल प्रचार के लिए संपर्क करें:
Contact For Advt. (Still & Video), News: +91 9471005272, 8210595830

# बिहार कैबिनेट की बैठक में मुख्यमंत्री ने कई बड़े निर्णय लेते हुए कुल 24 एजेंडों पर मुहर लगाई






आशीष राज,
स्थानीय संपादक,

**कैबिनेट फैसला**

बिहार कैबिनेट की बैठक खत्म हो गई है. नीतीश कैबिनेट की इस अहम बैठक में कई बड़े निर्णय लिए गए हैं. इस मीटिंग में कुल 24 एजेंडों पर मुहर लगी है. राज्य सरकार ने शहीदों के परिजन को सरकारी नौकरी देने के फैसले पर मुहर लगाई है.सचिवालय में चल रही नीतीश कैबिनेट की बैठक खत्म हो गई है. इस बैठक में कुल 24 एजेंडों पर मुहर लगी है.

राज्य सरकार ने शहीदों के परिजन को सरकारी नौकरी देने के फैसले पर मुहर लगाई है.नीतीश सरकार गलवान घाटी में शहीद हुए 5 बिहारी सपूतों के परिजनों को नौकरी देगी. गलवान घाटी में जो पांच जवान शहीद हुए थे उनमें शहीद सिपाही चंदन कुमार, शहीद अमन कुमार, शहीद जय किशोर सिंह, शहीद हवलदार सुनील कुमार और शहीद सिपाही कुंदन कुमार शामिल हैं.

इसके अलावे कैबिनेट की बैठक में नई औद्योगिक नीति पर मुहर लगाई गई है. बिहार में उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए नई नीति लागू की गई है. इस नई पॉलिसी में 500 करोड़ रुपये की निवेश करने पर छूट दी जाएगी. शर्त यह है कि निवेशक को कम से कम 500 लोगों को रोजगार मुहैया करना होगा. बिहार में कम से कम मिनिमम 25 लाख रुपये से अधिक निवेश करना आवश्यक किया गया है. नई औद्योगिक नीति मार्च 2025 तक लागू रहेगी.

इस नई नीति के तहत ड्राई वेयर हाउस, फार्मिंग प्रोसेसिंग, ट्रांसपोर्टेशन, बोटलिंग इकाई, सब्जी एंड हॉर्टिकल्चर को प्राथमिकता दी जाएगी.केंद्रीय प्रोत्साहन का फायदा बिहार में औद्योगिक निवेश करने वालों को भी मिलेगा. कपड़ा इंडस्ट्री के अलावे परिधान निर्माण, खड़ी प्रसकरण, ईंट निर्माण, फर्नीचर, हस्तकला,चमड़ा उद्योग को शामिल किया गया है. इसके अलावा इथनॉल उत्पादन, दाल उत्पादन, गेंहू आधारित, मसाला आधारित और जड़ी बूटी आधारित उद्योग का फायदा मिलेगा. विकास आयुक्त की अध्यक्षता में सचिवों की एक कमेटी बनाने का भी फैसला किया है, जो निवेशक को को विशेष अनुदान की अनुशंसा करेगी.

# सभी जिलों के डीएम रहे अलर्ट, मुख्य सचिव ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए बाढ़ की तैयारी की ली जानकारी



रिंकू गिरी,
संवाददाता

**हाई एलर्ट**




28 जून तक बिहार के कई जिलों में भारी बारिश होगी. इस दौरान वज्रपात भी हो सकते है. मौसम विभाग ने बिहार के सभी जिलों को अलर्ट कर दिया है. मौसम विभाग के अलर्ट से बिहार सरकार की चिंता को बढ़ा दिया है.

मुख्य सचिव दीपक कुमार ने मौसम विभाग के अलर्ट के बाद सभी जिलों के डीएम के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग किया. वीडियो कांफ्रेंसिंग के दौरान मुख्य सचिव ने सभी जिलाधिकारी से जिलों में बाढ़ से निपटने के लिए की गयी तैयारी की जानकारी हासिल की.बारी–बारी से सभी जिलाधिकारी ने बाढ़ से निपटने को लेकर की गयी तैयारी की जानकारी मुख्य सचिव को दिया.

जानकारी हासिल करने के बाद मुख्य सचिव ने कई दिशा निर्देश भी दिए. खासकर सीमांचल क्षेत्र के जिलों को हाई अलर्ट पर रहने का निर्देश दिया.मुख्य सचिव ने अधवरा, महानंदा और बागमती नदीं में बाढ़ आने की संभावना जताते हुए कहा कि इन क्षेत्रों में विशेष ध्यान रखने का निर्देश दिया गया है. साथ ही कोसी क्षेत्र में विशेष व्यवस्था करने का संबंधित जिलों के जिलाधिकारी को निर्देश दिया गया.














News Today Digital Paper Tarrif

| | | |
|---|---|---|
| Back Page Full | : 27.94 X 43.18 cm | = 55000.00 |
| Back Page Half | : 13.97 X 21.59 cm | = 30000.00 |
| Back Page Quarter | : 06.98 X 10.79 cm | = 20000.00 |
| Complimentery Ad | : 04.00 X 06.00 cm | = 5000.00 |

Inner Page 25% less of all Tarrif

Portal Tarrif

| PARTICILAR | DAILY (MIN. 15 DAYS) | MONTHLY | YEARLY |
|---|---|---|---|
| HEADER : | 2000 | 50,000 | 5,00,000 |
| UNDER NEWS : | 1000 | 25,000 | 2,50,000 |
| SIDE, MIDDLE & OTH : | 1500 | 35,000 | 3,50,000 |

Yuvaraj Media & Entertainment
बिहार विधानसभा चुनाव में डिजीटल प्रचार के लिए संपर्क करें:


# भारत सरकार की ओर से 59 चाइनीज ऐप पर तत्काल प्रभाव से लगाई गई रोक, नॉन-मोबाइल बेस्ड इंटरनेट डिवाइस में भी नहीं चलेंगे ऐप्स



ई. युवराज,
मुख्य कार्यकारी अधिकारी,
न्यूज टुडे मीडिया समूह

**देशहित**




भारत सरकार की ओर से 59 चाइनीज ऐप पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई है. केंद्र सरकार की ओर से ये फैसला ऐसे वक्त में लिया गया है जब भारत और चीन के बीच बढ़े तनाव को कम करने के लिए आज लेफ्टिनेंट जनरल स्तर की एक बार फिर बैठक होने जा रही है. इस बैठक से पहले मोदी सरकार चीन को ये बता देना चाहती है कि इस बार वह किसी भी तरीके से झुकने वाली नहीं हैं. सरकार ने जिस तरह से लेफ्टिनेंट जनरल स्तर की बैठक से पहले ये फैसला लिया है, उससे साफ हो गया है कि सरकार ने अब चीन को सीधे तौर पर चेतावनी दे दी है.

आईटी मंत्रालय ने सोमवार को जारी एक आधिकारिक बयान में कहा कि उसे विभिन्न तरीके से कई शिकायतें मिली हैं, जिनमें एंड्रॉइड और आईओएस प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कुछ मोबाइल ऐप के दुरुपयोग किए जाने की बात कही गई है. इन रिपोर्ट में कहा गया है कि ये एप यूजर्स के डेटा को चुराकर, उन्हें गुपचुक तरीके से भारत के बाहर स्थित सर्वर को भेजते हैं. बयान में कहा गया, भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति शत्रुता रखने वाले तत्वों द्वारा इन आंकड़ों का संकलन, इसकी जांच–पड़ताल और प्रोफाइलिंग अंततः भारत की संप्रभुता और अखंडता पर आधात होता है, यह बहुत अधिक चिंता का विषय है, जिसके खिलाफ आपातकालीन उपायों की जरूरत है. सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने आईटी कानून और नियमों की धारा 69ए के तहत अपनी शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए इन ऐप्स पर प्रतिबंध लगाने का फैसला किया.

गृह मंत्रालय के तहत आने वाले भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र ने इन दुर्भावनापूर्ण ऐप्स पर व्यापक प्रतिबंध लगाने की सिफारिश भी की थी. मंत्रालय की ओर से जारी बयान में कहा गया है, इनके आधार पर और हाल ही में विश्वसनीय सूचनाएं मिलने पर कि ऐसे ऐप भारत की संप्रभुता और अखंडता के लिए खतरा हैं, भारत सरकार ने मोबाइल और गैर–मोबाइल इंटरनेट सक्षम उपकरणों में उपयोग किए जाने वाले कुछ ऐप के इस्तेमाल को बंद करने का निर्णय लिया है. बयान में कहा गया है कि यह कदम करोड़ों भारतीय मोबाइल और इंटरनेट उपयोगकर्ताओं के हितों की रक्षा करेगा. यह निर्णय भारतीय साइबरस्पेस की सुरक्षा और संप्रभुता सुनिश्चित करने की दिशा में एक कदम है.

### नॉन-मोबाइल बेस्ड इंटरनेट डिवाइस में भी नहीं चलेंगे ऐप्स

केंद्रीय सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने बताया कि इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी एक्ट की धारा–69ए और इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (प्रोसीजर एंड सेफगार्ड्स फॉर ब्लॉकिंग ऑफ एक्सेस ऑफ इंफॉर्मेशन बाई पब्लिक) रूल्स 2009 के संबंधित प्रावधान उसे विदेशी ऐप्स पर प्रतिबंध लगाने की शक्तियां प्रदान करता है. बता दें कि केंद्र की ओर से जारी अधिसूचना में कहा गया है कि उपलब्ध जानकारी के मुताबिक, ये ऐप्स ऐसी गतिविधियों में शामिल हैं, जो भारत की रक्षा, सुरक्षा, संप्रभुता और अखंडता के लिए हानिकारक है. केंद्र ने कहा कि इन ऐप्स का मोबाइल और नॉन–मोबाइल बेस्ड इंटरनेट डिवाइसेज में भी इस्तेमाल नहीं किया जा सकेगा.

# बिहार में मानसून 3 जुलाई तक रहेगा सक्रिय, मौसम विभाग के इस अलर्ट में राज्य के अधिकांश जिलों में भारी बारिश के साथ ही वज्रपात की भी संभावना



रिंकू गिरी,
संवाददाता

**हाई एलर्ट**




बिहार में मानसून 3 जुलाई तक सक्रिय रहेगा. इसको लेकर मौसम विभाग द्वारा अगले 72 घंटे को लेकर अलर्ट जारी किया गया है. मौसम विभाग के इस अलर्ट में राज्य के अधिकांश जिलों में भारी बारिश के साथ ही वज्रपात की भी संभावना जताई गई है. बिहार में इस बार मानसून समय से तीन दिन पहले आया है और अभी तक सामान्य से 92 फीसदी अधिक बारिश हुई है.

पूरे राज्य में मानसून में अब तक 275.6 मिलीमीटर से अधिक बारिश हुई है. मंगलवार को भी राजधानी पटना समेत आरा, बक्सर, जहानाबाद और कई अन्य जिलों में आकाश में बादल छाए हुए हैं. बिहार में लगातार हो रही बारिश के कारण जहां उत्तर बिहार की कई नदियों का जलस्तर उफान पर है, तो कई जिलों में बाढ़ का पानी भी प्रवेश कर गया है. बारिश के कारण हुए वज्रपात में अभी तक सैकड़ों लोगों की जान गई है, जिसमें एक ही दिन में हुई 95 मौत भी शामिल है.

बिहार के आपदा प्रबंधन विभाग ने बारिश के दौरान लोगों से बाहर न निकलने की अपील की है, ताकि वज्रपात से बचा जा सके. बारिश के कारण लोगों को इस बार गर्मी से खासी राहत मिली है और अधिकतम तथा न्यूनतम दोनों तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की गई है.

# नगर परिषद मोतिहारी के वित्तीय वर्ष 2020-21 का 39-06 लाख के फायदे का बजट पास






सम्राट, संवाददाता

**पड़ताल**

नगर परिषद के सभागर में नप के मुख्य पार्षद अंजू देवी की अध्यक्षता में सोमवार को वित्तीय वर्ष 2020–21 का 39.06 लाख के फायदे का बजट पास किया गया। सदन की कार्यवाही शुरू होने के बाद बजट पर बहस किया गया। बहस के समाप्त होते ही सदन में मौजूद सदस्यों ने ध्वनि मत से बजट को पारित कर दिया।

पार्षद अमरेन्द्र सिंह ने बजट पर बहस के दौरान समय पर बोर्ड की बैठक नहीं कराने का मुदा उठाते हुए कहा कि नगर सरकार के गठन को तीन वर्ष पूरे होने को है लेकिन हैरत की बात यह है कि तीन वर्ष में मात्र 7 बैठके ही आयोजित हो पाई है। जिसके कारण नगर परिषद के विकास पहिया रुक गया है।

बजट में स्पोट्स, एजुकेशन और सांस्कृतिक पर 35 लाख रुपये, स्वच्छ शहर के लिए विशेष अभियान मद में 35 लाख रुपये जबकि अन्य सामाजिक उत्थान कार्यक्रम के लिए 10 लाख रुपये बजट का प्रावधान किया गया है। जबकि जल–जीवन हरियाली मद में जलस्त्रोत, तालाब आदि के सौंदर्यीकरण मद में 20 लाख रुपये का प्रावधान किया गया। बायो मेडिकल वेस्ट और मरे हुए मवेशियों को डिस्पोजल करने के लिए भी बजट का प्रावधान किया गया।

कार्यपालक पदाधिकारी विमल कुमार ने सदन को खर्च और आमद के विषय में बताया कि नगर परिषद को पिछले वित्तीय वर्ष में 1 अरब 39 करोड़ 39 36 हजार 272 रुपये का आय हुआ। जबकि एक अरब 39 करोड़ 30 हजार रुपये व्यय हुआ।

मौके पर उपमुख्य पार्षद रवि भूषण, पार्षद अभय सिंह, मदन मोहन सिंह, रमाशंकर श्रीवास्तव, रीता देवी, लालझरी देवी, रानी जायसवाल, वीणा देवी, उम्मत खातुन, राबिया खानम उत्तम राम, हरेन्द्र कुमार, विजय कुमार जायसवाल, मनोज कुमार, गुलरेज शहजाद, श्यामल कुमार, उदय बिहारी आदि मौजूद थे।

Yuvaraj Media & Entertainment
बिहार विधानसभा चुनाव में डिजीटल प्रचार के लिए संपर्क करें:
Contact For Advt. (Still & Video), News: +91 9471005272, 8210595830

# सोशल मीडिया पर बिहार बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष डा. संजय जायसवाल की पत्नी के कोरोना पॉजिटिव होने की फैलाई अफवाह, तीन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी



डा. राजेश अस्थाना,
एडिटर इन चीफ,

अपराध




बिहार बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष डा. संजय जायसवाल की चिकित्सक पत्नी डॉक्टर मंजू चौधरी को कोरोना पॉजिटिव बता सोशल मीडिया पर पोस्ट वायरल करने के मामले में नगर थाने में एफआईआर की गई है। थानाध्यक्ष शशिभूषण ठाकुर ने बताया कि डॉ. मंजू चौधरी की शिकायत पर एफआईआर की गई है। इसमें फेसबुक अकाउंट पर पोस्ट करने वाले बेतिया निवासी निपु खान, अपना बेतिया ग्रुप के आकाश कुमार व व्हाट्सएप पर झूठा संदेश वायरल करने वाले राहुल कुमार को नामजद किया गया है। पुलिस की तकनीकी सेल के अधिकारी मामले की छानबीन में जुट गए हैं। जल्द ही दोषियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

मंजू चौधरी ने एफआईआर में बताया है कि शुक्रवार की सुबह शुभचिंतकों ने उन्हें जानकारी दी कि नामजद अभियुक्तों ने सोशल मीडिया पर झूठ व अफवाह फैला दिया है कि वह कोरोना संक्रमित हो गई हैं। ऐसा सोची समझी साजिश के तहत उन्हें व उनके पति डॉ. संजय जायसवाल की छवि को धूमिल करने के लिए यह किया गया है।

# बैठक में तैयारी के संबंध में आवश्यक निर्देश देते हुए मंत्री प्रमोद ने कहा- वर्चुअल रैली में पचास हजार से अधिक लोगों के लाइव देखने का है लक्ष्य



सम्राट, संवाददाता

वर्चुअल रैली




कला–संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार सरकार के मंत्री प्रमोद कुमार के सूर्यपुर ग्राम स्थित आवास पर भाजपा की बैठक हुई। जिसमें आगामी 30 जून 2020 को मोतिहारी विधानसभा की टाउनहॉल मोतिहारी में उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी की होने वाली वर्चुअल रैली के संबंध में विचार विमर्श करते हुए तैयारी के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही आगामी 28 जून को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मन की बात कार्यक्रम को प्रत्येक बूथ पर सुनने का निर्णय लिया गया।

मंत्री श्री कुमार ने बताया कि वर्चुअल रैली में पचास हजार से अधिक लोग लाइव देखें यह लक्ष्य रखा गया है स बैठक में सूर्यपुर पैक्स अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह को प्रदेश सहकारिता मंच में चुने जाने पर मंत्री श्री कुमार, जिला महामंत्री डॉ. लाल बाबू प्रसाद एवं मंडल के सभी कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दीस मौके पर मंडल अध्यक्ष रामेश्वर महतो, महामंत्री राज किशोर सिंह, मीडिया प्रभारी टूना गिरी गुड्डू सिंह ,गौरी शंकर प्रसाद ,संतोष शर्मा युवा मोर्चा अध्यक्ष राजू सिंह, आईटी सेल विशाल कुमार गुप्ता ,योगेंद्र बैठा, शंकर पासवान एवं अन्य कार्यकर्ता मौजूद थेस यह जानकारी जिला मीडिया प्रभारी गुलरेज शहजाद ने दी।

# बिहार में महंगा हो सकता है बस का सफर, 30 प्रतिशत तक किराया बढ़ाने की तैयारी



आशीष राज,
स्थानीय संपादक,

जेब पर पड़ेगा भार




बढ़ती तेल कीमतों की मार बस यात्रियों पर भी पड़ेगी। बस संचालकों ने किराया बढ़ाने की तैयारी कर ली है। लॉकडाउन के बाद डीजल की कीमतों में करीब 10 रुपए की वृद्धि हुई है। इस कारण बस परिचालन महंगा पड़ रहा है। संभावना है कि बस संचालक 25 से 30 प्रतिशत तक किराया बढ़ाने की घोषणा कर सकते हैं। पूरे राज्य में 65 हजार निजी बसें और 600 बसें बिहार राज्य पथ परिवहन निगम की हैं।

पिछले साल ही निजी बस संचालकों ने 20 प्रतिशत किराया में वृद्धि की थी। यानी एक साल में डेढ़ गुना किराया बढ़ जाएगा। एक साल पहले पटना से मुजफ्फपुर का किराया 90 रुपए था 20 प्रतिशत बढ़ोतरी के बाद इसे 110 रुपए कर दिया गया था और अब 30 प्रतिशत की बढ़ोतरी के बाद 143 रुपये किराया हो जाएगा।

बस संचालको का कहना है कि कोरोना वायरस संक्रमण के डर से बस में कम यात्री सफर कर रहे हैं। वहीं, तेल की कीमतें भी बढ़ गई है। इस कारण वे अब वर्तमान भाड़े में बस परिचालन करने में समर्थ नहीं है।

**बस का वर्तमान किराया**

| बस रूट किराया | एसी | नॉन एसी |
|---|---|---|
| पटना मोतिहारी | 240 | 200 |
| पटना मुजफ्फरपुर | 140 | 110 |
| पटना बेतिया | 300 | 260 |
| पटना सीतामढ़ी | 220 | 190 |
| पटना दरभंगा | 180 | 150 |
| पटना मधुबनी | 240 | 200 |
| पटना सिलीगुड़ी | 600 | 550 |
| पटना रांची | 350 | 300 |
| पटना टाटा | 650 | 600 |
| पटना पूर्णिया | 350 | 300 |

उदय शंकर सिंह, अध्यक्ष, बिहार राज्य ट्रांसपोर्ट फेडरेशन कहते हैं कि लॉकडाउन के बाद डीजल की कीमतों में करीब दस रुपये की बढ़ोतरी हुई है। तेल की कीमत बढ़ने के बाद अब बस भाड़े में भी बढ़ोतरी की तैयारी है। अजय कुमार ठाकुर, जिला परिवहन पदाधिकारी बताते हैं कि राजधानी में बस और टेम्पो किराया का निर्धारण क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार करता है, जिसके प्रधान प्रमंडलीय आयुक्त होते हैं। बस का राज्य स्तरीय किराया परिवहन विभाग मुख्यालय तय करता है।

# अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी द्वारा आयोजित शहीदों को सलाम दिवस कार्यक्रम के तहत शांतिपूर्ण धरने का आयोजन

विनम्र श्रद्धांजलि



संतोष राऊत
न्यूज टुडे,




अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी द्वारा आयोजित शहीदों को सलाम दिवस कार्यक्रम के अंतर्गत गलवान घाटी में शहीद हुए सैनिकों के सम्मान में पुर्वी चम्पराण जिला कांग्रेस कार्यलय स्थित शहीद स्मार्क के पास 1 घण्टे का शांतिपूर्ण धरने का आयोजन किया गया। धरने के उपरांत शहीद स्मारक में मोमबत्ती जलाकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इस अवसर पर धरना में पूर्व विधायक सुरेश कुमार मिश्र, प्रो0 विजय शंकर पाण्डेय, सुग्रीव तिवारी, विनय उपाध्याय, अरुण यादव, अनवर आलम अंसारी, मुनमुन जायसवाल, रूमा खान, प्रीतम अग्रवाल, दिलनवाज रसीद, इफ्तिखार खान, राहुल शर्मा, अजीत श्रीवास्तव, बच्ची पाण्डेय, नेयाज खा, विश्वनाथ चौरसिया, कमलेश्वर गुप्ता, डॉ जियाउल हक, पवन कुमार, म0 तनवीर, विजय कान्त त्रिपाठी, पप्पू कुशवाहा, नसीमुल हक, अरुण प्रकाश पाण्डेय आदि सम्मिलित थे।

# एक तरफ राघोपुर में ऐश्वर्या और भोला राय से डरे तेजस्वी, दूसरी ओर रामा सिंह में सबकी काट ढूंढ़ना तेजस्वी को पड़ेगा भारी



डा. राजेश अस्थाना,
एडिटर इन चीफ,

सियासी गहमा-गहमी




लालू परिवार के लिए अपनी राजनीतिक जमीन त्यागने वाले राघोपुर के पूर्व विधायक भोला राय के बगावती तेवर और तेजप्रताप की पत्नी ऐश्वर्या की तरफ से मिल रही चुनौतियों के दबाव में राजद गलती पर गलती करता जा रहा है। यहां तक कि तेजस्वी यादव ने इस चक्कर में पार्टी के सबसे वरिष्ठ नेता रघुवंश बाबू पर भी दांव लगा दिया। नतीजा, विधानसभा चुनाव से पहले ही पार्टी एक और बड़ी टूट की ओर चल पड़ी है। आइए जानते हैं कि ऐश्वर्या, भोला राय, रामा सिंह और रघुवंश सिंह का चौकोण किस प्रकार राजद को चार तरफ से दरकाने लगा है।

### रामा सिंह में सबकी काट ढूंढ़ना तेजस्वी को पड़ेगा भारी

दरअसल सारा मामला राघोपुर की किलेबंदी से जुड़ा है। तेजस्वी यादव अपनी राघोपुर की सीट बचाने के लिए रघुवंश बाबू को कुर्बान करने पर तुले हुए हैं। राजद के अंदरूनी सूत्रों के अनुसार राघोपुर में मामला तेजप्रताप की पत्नी ऐश्वर्या के पीड़ित वाले इमेज और भोला राय की बगावत के चलते विकट बन गया है। वहां यादव वोट राजद से नाराज है क्योंकि लालू परिवार के लिए अपनी राघोपुर सीट त्यागने वाले भोला राय को एमएलसी कोटे में एडजस्ट नहीं किया गया। साथ ही जिस तरह लालू की बहू ऐश्वर्या को लालू के घर से बेदखल किया गया उससे भी यादव जनमानस काफी नाराज है। इस सबकी भरपाई तेजस्वी वहां मौजूद 40कृ50 हजार राजपूत वोट से करना चाहते हैं। इसीलिए वे रघुवंश बाबू की बली देकर रामा सिंह को राजद में इंटर कराना चाह रहे।

### तेजस्वी पीछे नहीं हटे तो राजद छोड़ देंगे रघुवंश सिंह

अब लालू कुनबे की मुश्किल ये है कि रामा सिंह के मुद्दे पर रघुवंश बाबू टस से मस होने को तैयार नहीं। रामा सिंह को आरजेडी में शामिल कराए जाने की खबर मात्र पर उन्होंने पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि अगर आगे भी कभी पार्टी रामा सिंह को आरजेडी में शामिल करना चाहती है तो वो इससे भी कोई बड़ा फैसला लेने को मजबूर हो जाएंगे।

### भाजपा के राजपूत वोट बैंक में सेंधमारी की कोशिश

इधर राघोपुर में भोला राय के बगावती तेवर से परेशान तेजस्वी रामा सिंह पर दांव लगा राजपूतों के 40–50 हजार वोट को अपने पाले में लाने की जुगत भिड़ा रहे हैं। राघोपुर विधानसभा क्षेत्र में करीब 40 से 45 हजार राजपूत वोटरों की संख्या है जो शुरू से ही आरजेडी के खिलाफ वोट करती रही है। तेजस्वी यादव बीजेपी के इसी कैडर वोटबेंक में अब सेंधमारी करना चाहते हैं। तेजस्वी यादव के पास जो रामा सिंह को लेकर फीडबैक है उसके मुताबिक रामा सिंह राघोपुर विधानसभा क्षेत्र के बिदुपुर इलाके में राजपूत वोटरों को आरजेडी के लिए गोलबंद कर सकते हैं। बिदुपुर के करीब 20 पंचायतों में तकरीबन 20 से 22 हजार राजपूत वोटरों की संख्या है। इसी वोटबैंक पर तेजस्वी की नजर है।

### ऐश्वर्या से हुए अन्याय से खफा है यादव जनमानस

एक और सूचना है कि लालू परिवार के सदस्य जहांकृजहां भी अगले विधानसभा चुनाव में उतरेंगे, वहांकृवहां तेजप्रताप की पत्नी ऐश्वर्या और उनके परिवार के सदस्य यादवों से अपने लिए इंसाफ की गुहार लगाते हुए चुनाव में उतरेंगे। ऐसी स्थिति में तेजस्वी यादव को इस बात का भी डर सता रहा है कि कहीं इस बार ऐश्वर्या राय उनके खिलाफ राघोपुर से चुनाव न लड़ लें। साफ है कि तब ऐश्वर्या किसी भी तरह से यादवों का ही वोट काटेंगी और अगर ऐसा हुआ तो फिर तेजस्वी को चुनाव में भारी नुकसान भी हो सकता है।

# पार्टी टूटने के डर से तेजस्वी ने बुलाई बैठक, पार्टी के सभी विधायकों को पटना पहुंचने का निर्देश



रिंकू गिरी,
संवाददाता

सियासी गहमा-गहमी




राजद के पांच एमएलसी और पार्टी के वरिष्ठ नेता रघुवंश प्रसाद सिंह ने पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है। एक ही दिन में दोहरा झटका लगने के बाद तेजस्वी यादव डैमेज कंट्रोल के लिए एक बैठक बुलाई है। यह बैठक राबड़ी आवास में आयोजित की गई है।

राबड़ी देवी की अध्यक्षता में हो रहे इस बैठक में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह, तेज प्रताप यादव, तेजस्वी यादव समेत तेजस्वी के कुछ करीबी मौजूद रहेंगे। बताया जाता है कि पार्टी टूटने के डर से तेजस्वी काफी घबरा गए हैं इसलिए वे आपातकालीन बैठक बुलाएं हैं। साथ ही यह भी कहा जा रहा है कि तेजस्वी यादव ने अपने पार्टी के सभी विधायकों को पटना बुलाया है। पटना पहुंचने के बाद सभी विधायकों के साथ तेजस्वी बैठक करेंगे।

ज्ञात हो कि तेजस्वी के नेतृत्व से नाराज राजद के 5 एमएलसी संजय प्रसाद, कमरे आलम, राधाचरण सेठ, रणविजय सिंह व दिलीप राय ने राजद को अलविदा कह दिया है। लालू के करीबी इन नेताओं के बारे में बताया जाता है कि ये सभी तेजस्वी के नेतृत्व से खुश नहीं थे। इसलिए सभी ने पार्टी छोड़ने के निर्णय लिया है।

साथ ही राजद को सबसे बड़ा झटका लगा है रघुवंश प्रसाद सिंह के पद से इस्तीफा देने के बाद। माना जाता है कि रघुवंश सिंह मुश्किल हालात में भी राजद व लालू का साथ नहीं छोड़े थे। लेकिन, रामा सिंह पार्टी में शामिल कराने को लेकर नाराज चल रजे सिंह ने तेजस्वी के नेतृत्व को अपना संकेत दे दिए हैं।





युवराज मीडिया एंड एंटरटेण्मेंट की घोषित चम्पारण की पावन धरती पर बन रही भव्य वेब सीरिज एवं फीचर फिल्म की शुटिंग शीघ्र शुरू होगी ।

निर्माता: 9471005272

Yuvaraj Media & Entertainment
बिहार विधानसभा चुनाव में डिजीटल प्रचार के लिए संपर्क करें:
Contact For Advt. (Still & Video), News: +91 9471005272, 8210595830

# राजद में मचे सियासी भूचाल को थामने के लिए लालू प्रसाद ने जेल से ही मोर्चा संभाला, पार्टी को बिखरने से बचाने के लिए लोजपा नेता रामा सिंह की इंट्री पर लगाई ब्रेक

सियासी गहमा-गहमी



डा. राजेश अस्थाना,
एडिटर इन चीफ,




राजद में मचे सियासी भूचाल को थामने के लिए लालू प्रसाद ने जेल से ही मोर्चा संभालते हुए आज सोमवार को पार्टी में होने वाली बाहुबली पूर्व सांसद और लोजपा नेता रामा सिंह की इंट्री पर ब्रेक लगा दिया। रामा सिंह आज राजद की सदस्यता ग्रहण करने वाले थे, लेकिन यह कार्यक्रम रद्द कर दिया गया है। राजद ने इस पर कोई आधिकारिक बयान तो नहीं दिया, लेकिन इसमें सीधे लालू यादव के हस्तक्षेप को कारण बताया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार राजद में रामा सिंह की आने की सूचना से नाराज पार्टी के वरिष्ठ नेता रघुवंश प्रसाद सिंह को मनाने के लिहाज से लालू ने मामले में सीधे हस्तक्षेप किया। कहा जा रहा है कि रघुवंश बाबू ने पार्टी उपाध्यक्ष पद छोड़ने के बाद राज्य के किसी भी अन्य पार्टी नेता से कोई बात नहीं की। उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में अपनी बात सीधे लालू तक पहुंचाई। इसी का नतीजा है कि पार्टी को बिखरने से बचाने के लिए लालू ने खुद कमान संभाली और तेजस्वी तथा जगदानंद को कदम वापस खींचने का फरमान सुनाया।

बताया जाता है कि कुछ दिन पहले ही तेजस्वी यादव से मुलाकात कर आरजेडी ज्वाइन करने की घोषणा करने वाले रामा सिंह 29 जून को ही समर्थकों के साथ पटना आने वाले थे। यहां वह आरजेडी ज्वाइन करने वाले थे, लेकिन फिलहाल उनकी राजद में इंट्री को रोक दिया गया है।

# डीएम के कार्रवाई करने के डर से सिकरहना नदी के सुन्दरपुर घाट पर बने ध्वस्त बेडवार की मरम्मत करने पहुंचे अभियंताओं को ग्रामीणों ने बंधक बनाया



आशीष राज,
स्थानीय संपादक,

घोटाला




सिकरहना नदी के सुन्दरपुर घाट पर बने ध्वस्त बेडवार की मरम्मत करने पहुंचे अभियंताओं को ग्रामीणों ने बंधक बना लिया । बुद्धिजीवियों के बीच–बचाव पर मुक्त किया गया। ग्रामीणों का आरोप था कि अधिकारियों की मिलीभगत के कारण ही बोरा में बालू की जगह मिट्टी भर दिया गया था जिससे पहली बारिश में ही बेडवार ध्वस्त हो गया। ग्रामीणों का कहना था कि जबतक डीएम साहब नहीं आएंगे तबतक मरम्मत का कार्य शुरू नहीं होगा।

बता दें कि जिलाधिकारी के निर्देश पर सहायक एसडीएम सुमन कुमार व सीओ मणिकुमार वर्मा सिकरहना नदी के किनारे सुंदरपुर गांव में हुए बेडवार ध्वस्त होने के सूचना पर शनिवार को देर शाम जांच करने पहुंचे थे। जांच के बाद बताया कि कार्य में अनियमितता बरती गई है, जिसके कारण बेडवार धंस गया।

वही डीएम के कार्रवाई करने के डर से रविवार को विभाग के सहायक अभियंता व कनीय अभियंता आनन–फानन में ध्वस्त हुए बेडवार का कार्य करने सुंदरपुर पहुंचे थे जहां दोनों अधिकारियों को सुंदरपुर गांव के ग्रामीणों ने घेर लिया और हंगामा करने के साथ डीएम व अन्य वरीय अधिकारियों को घटनास्थल पर बुलाने की मांग करने लगे।

ग्रामीण अख्तर, अनवर आलम, ओलिउल्लाह आदि आरोप लगा रहे थे कि उक्त दोनों अधिकारियों व कार्य कर रही रुद्रा कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा मिली भगत से बोरा में बालू भरने की जगह मिट्टी डाला गया है। ग्रामीण ने कहा कि उक्त जगह पर जितने भी बोरे है, उक्त सभी बोरे की जांच कराई जाएं तो कार्य करने वाली कंपनी व सहायक अभियंता व कनीय अभियंता की पोल खुल जाएगी।

# पतंजलि योगपीठ की दिव्य फार्मेसी अपने पूर्व में किए गए कोरोना की दवा ईजाद करने के दावों से पलटा, कहा- ऐसी कोई दवा बनाने की बात पतंजलि ने न कही है



डा. राजेश अस्थाना,
एडिटर इन चीफ,
न्यूज टुडे मीडिया समूह

बिग ब्रेकिंग




पतंजलि योगपीठ की दिव्य फार्मेसी अपने पूर्व में किए गए कोरोना की दवा ईजाद करने के दावों से पलट गया। उत्तराखंड आयुष विभाग की ओर से जारी नोटिस के जवाब में आज सोमवार को ऐसी कोई दवा बनाने की बात पतंजलि ने न कही है।

बता दें कि पिछले मंगलवार को कोरोनल की लॉन्चिंग के दौरान योग गुरु बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण ने कोरोनिल, श्वसारि बटी और अनु तेल से कोरोना के उपचार का दावा किया था। इस पर 24 जून को उत्तराखंड आयुष विभाग ने पतंजलि को नोटिस जारी किया था।

यहां यह भी बता दें कि पतंजलि की दिव्य फार्मेसी ने मंगलवार 23 मार्च को कोरोना की दवा ईजाद करने का दावा किया था। मामला सुर्खियों में आया तो केंद्रीय आयुष मंत्रालय ने इसका संज्ञान लिया। मंत्रालय ने दिव्य फार्मेसी को नोटिस भेजकर तत्काल दवा के प्रचार–प्रसार पर रोक लगा दी। 24 जून को उत्तराखंड आयुष विभाग ने भी दिव्य फार्मेसी को नोटिस भेजकर दवा के प्रचार प्रसार पर रोक लगा दी। साथ ही सात दिनों के भीतर नोटिस का जवाब देने को कहा था।

# सीमा पर ढांचागत सुविधाओं का विकास कर रहे भारत के लिए एक और चिंता का सबब बना नेपाल, सीमावर्ती गांवों में बीएसएनएल के सिग्नल कमजोर होने के कारण लोग नेपाल के सिम का कर रहे हैं इस्तेमाल

ग्राऊण्ड जीरो रिपोर्टिंग



ई. युवराज,
मुख्य कार्यकारी अधिकारी,




भारत ने नेपाल और चीन से सटी सीमा पर सड़क पहुंचाने के साथ ही ढांचागत सुविधाओं का विकास भले ही तेज कर दिया हो, लेकिन संचार सुविधाओं की स्थिति में काफी सुधार की गुंजाइश है। इस मामले में नेपाल बेहतर स्थिति में है, आलम यह है कि भारत के सीमावर्ती गांवों में बीएसएनएल के सिग्नल कमजोर होने के कारण लोग नेपाल के सिम का ही इस्तेमाल कर रहे हैं। यह स्थिति उत्तराखंड के पिथौरागढ़ से लेकर उत्तर प्रदेश के महाराज गंज तक बनी हुई है।

उत्तराखंड में नेपाल सीमा पर बीएसएनएल के टावर हैं। यहां पर टावर पहाड़ के ऊंचे स्थल पर लगे हैं, लेकिन सामने नेपाल होने के कारण इनकी क्षमता बहुत कम रखी गई है। भारतीय गांव घाटियों में हैं, जहां तक सिग्नल पहुंचते ही नहीं हैं, ऐसे में लोगों को मोबाइल पर बात करने के लिए गांव से दूर किसी ऊंचे स्थान की तलाश करनी पड़ती है। वहीं, नेपाल की सरकारी संचार एजेंसी स्काई इंसेट के टावर के सिग्नल शक्तिशाली हैं। भारत में ये 40 किलोमीटर का दायरा कवर कर रहे हैं। यही वजह है पंचेश्वर से लेकर कालापानी तक सीमा पर स्थित गांवों और कस्बों के ज्यादातर लोग नेपाल के सिम का इस्तेमाल कर रहे हैं। इन सिम की अवैध रूप से खरीद–फरोख्त होती है। वहीं, महाराजगंज में भी करीब आठ किलोमीटर के भारतीय इलाके में नेपाली नेटवर्क काम करता है।

सीमा पर नेपाल की सरकारी संचार एजेंसी के अलावा वहां की दो निजी कंपनियों 'नमस्ते' और 'एनसेल' ने भी टावर लगाए हैं। इन टावर की रेंज भी भारत में 15–16 किलोमीटर तक है।

### सीमा पर नेपाली सिम की कालाबाजारी

नेपाल की तीनों संचार कंपनियों के सिम भारत में अवैध रूप से मिलते हैं। नेपाल में संचार कंपनियों को सिम का टारगेट दिया जाता है और सीमावर्ती क्षेत्रों में मांग होने के कारण इन्हें आसानी से यहां ग्राहक मिल जाते हैं। सामान्यतया नेपाल के सिम भारत में डेढ़ सौ रुपये में मिलते हैं।

### छह रुपये का रिचार्ज कराओ, 12 घंटे में सौ मिनट पाओ

उत्तराखंड में नेपाली सिम में सुबह पांच बजे छह भारतीय रु पये का रिचार्ज करने पर सायं पांच बजे तक सौ मिनट बात कर सकते हैं। इंटरनेट के लिए 20 रु पये से अधिक के कूपन होते हैं। वहीं, महाराज इलाके में नेपाली नेटवर्क से नेपाली नंबर पर बात करने के लिए 10 सेकेंड के महज 83 पैसे और भारतीय नंबर पर आइएसडी कॉल के भी महज 3.72 नेपाली रुपये प्रति मिनट लगते हैं। जबकि भारतीय नेटवर्क से नेपाली नंबर पर बात करने के लिए प्रति मिनट 11 से 13 भारतीय रुपये देने पड़ते हैं। ऐसे में सोनौली, खनुआ, नौतनवा, बरगदवा, ठूठीबारी, झुलनीपुर, बहुआर, परसामलिक आदि इलाकों में नेपाली टेलीकॉम कंपनी के सिमकार्ड खूब इस्तेमाल होते हैं।

### प्रशासन ने घोषित किया शैडो एरिया

सीमा पर सक्रिय भारत विरोधी तत्व भी नेपाली मोबाइल कंपनियों का ही प्रयोग करते हैं। इससे उनकी गतिविधियों की जानकारी प्रशासन व सुरक्षा एजेंसियों को समय रहते नहीं मिल पाती। नेटवर्क की समस्या के चलते उत्तर प्रदेश प्रशासन ने सोनौली, निचलौल व ठूठीबारी के कई इलाकों को शैडो एरिया घोषित कर रखा है। चुनाव के समय इन बूथों की वेबकास्टिंग तक नहीं हो पाती, जिसके चलते इन केंद्रों को वायरलेस से जोड़ना पड़ता है।

अल्मोड़ा–पिथौरागढ़ संसदीय सीट से भाजपा सांसद अजय टम्टा ने बताया कि 'सीमा पर संचार सेवा को मजबूत करने के लिए टावर लगाने के प्रस्ताव हैं। इसके लिए सर्वे भी किया जा चुका है। सर्वे पूरा होते ही टावर लगाने का कार्य शुरू हो जाएगा।'

सेवानिवृत कर्नल एमएस बल्दिया ने कहा कि 'भारतीय सीमा पर चीन और नेपाल जिस तरह का बर्ताव कर रहे हैं, उसको देखते हुए सरकार को सीमा क्षेत्र पर विशेष ध्यान देना होगा। नेपाल–चीन सीमा पर भारतीय संचार सुविधा बहुत ही लचर है। मजबूरन भारतीयों को भी नेपाल के सिम का इस्तेमाल करना पड़ रहा है, इंटरनेट भी उन्हीं सिमों से चलाया जा रहा है। यह आंतरिक सुरक्षा के लिहाज से भी खतरा है।'

महराजगंज के डीएम डॉ उज्जवल कुमार ने बताया कि नेपाली नेटवर्क की पहुंच भारतीय क्षेत्र में न हो, इसके लिए दूरसंचार विभाग के अधिकारियों से बात कर आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। आवश्यकतानुसार नेपाल के अधिकारियों से भी इस विषय में बात की जाएगी।

# मानसून के कारण बिहार में बढ़ा बाढ़ का खतरा, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को फोन कर बिहार की जनता की सुरक्षा के लिए मदद का दिया आश्वासन



रिंकू गिरी,
संवाददाता

भरोसा




मानसून के कारण बिहार में बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। स्थिति की समीक्षा के लिए रविवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अधिकारियों के साथ हाई लेवल बैठक की। उधर, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बिहार की जनता की सुरक्षा के लिए मदद का आश्वासन दिया।

### भारी बारिश से नदियों में ऊफान, बिहार में भय का माहौल

विदित हो कि नेपाल के जल–ग्रहण वाले इलाकों में भारी बारिश के कारण बिहार में नदियां ऊफना रही हैं। बाढ़ का खतरा बढ़ता जा रहा है। इस बीच हिमालय से निकलकर बिहार व बंगाल से गुजरने वाली महानंदा नदी में भी पानी बढ़ रहा है। इससे बिहार के किशनगंज, पूर्णिया व कटिहार जिलों में दहशत है। बाढ़ के हालात की समीक्षा के लिए रविवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने हाई लेवल बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को सभी एहतियात बरतने का निर्देश दिया।

### अमित शाह ने दिया सहायता का आश्वासन

इस बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से बात की। उन्होंने नीतीश कुमार को महानंदा के बढ़ते जल–स्तर को लेकर बात की तथा केंद्र सरकार की तरफ से सभी संभव सहायता देने का आश्वासन दिया।




युवराज मीडिया एंड एंटरटेण्मेंट की घोषित चम्पारण की पावन धरती पर बन रही भव्य वेब सीरिज एवं फीचर फिल्म की शुटिंग शीघ्र शुरु होगी।
निर्माता : 9471005272







Yuvaraj Media & Entertainment
बिहार विधानसभा चुनाव में डिजीटल प्रचार के लिए संपर्क करें:
Contact For Advt. (Still & Video), News: +91 9471005272, 8210595830

# डीएम द्वारा उद्घाटन के बाद मोतीझील में शुरू हुआ नौका विहार, वाटर स्पोर्ट्स की भी चल रही तैयारी

अनुकरणीय पहल






सम्राट, संवाददाता

मोतिहारी शहर को दो भागों में बांटने वाली मोतीझील में लोग अब नौका विहार का आनंद ले सकेंगे. इस दिशा में जिला प्रशासन ने तैयारी कर ली है. साथ ही जल क्रीड़ा को प्रोत्साहित करने के लिए तीन कार्गो बोट भी जिला प्रशासन ने मंगाया है. जिसका उद्घाटन रविवार को डीएम शीर्षत कपिल अशोक ने किया.

### पर्यटन की काफी संभावनाएं

मोतीझील के साफ–सफाई के साथ जल क्रीड़ा को प्रोत्साहित करने के लिए कार्य योजना बनाने का निर्देश भी डीएम ने संबंधित अधिकारियों को दिया है. इस मौके पर डीएम शीर्षत कपिल अशोक ने कहा कि मोतीझील काफी विस्तृत और लंबा है. जिसमें वाटर स्पोर्टस और पर्यटन की काफी संभावनाएं हैं.

### जल स्पर्धा का माहौल

डीएम ने कहा कि जिले में जल स्पर्धा का माहौल बनाया जाएगा. जिसके लिए तीन ड्रैगन बोट मंगाया गया है. उन्होंने बताया कि जिले के लोग भी मोतीझील में नौका विहार का आनंद ले सकेंगे. बता दें मोतीझील मोतिहारी शहर के ऐतिहासिक पहचान से जुड़ा हुआ है. जिसके साफ–सफाई को लेकर काफी प्रयास हुए हैं.

### वाटर स्पोर्ट्स को बढ़ावा

इसे झील को अतिक्रमणमुक्त कराने का अभियान भी कई बार चला. लेकिन इसकी सूरत नहीं बदली. जिसके बाद डीएम शीर्षत कपिल अशोक ने मोतीझील के स्वरुप को वापस लाने की पहल शुरू की. लिहाजा, डीएम रविवार को पूरे प्रशासनिक टीम के साथ मोतीझील पहुंचे और रोइंग क्लब घाट पर साफ–सफाई के सत्याग्रह से स्वच्छता अभियान को चलाया. साथ ही डीएम ने मोतीझील में वाटर स्पोर्ट्स को बढ़ावा देने के लिए रोईंग क्लब को जिम्मेदारी सौंपी है.

# अनुच्छेद 370 खत्म होने के बाद बिहार के आईएएस नवीन चौधरी को मिला पहला डोमिसाइल सर्टिफिकेट



ई. युवराज,
मुख्य कार्यकारी अधिकारी,

बड़ी उपलब्धि




बिहार के आईएएस अधिकारी नवीन कुमार चौधरी अनुच्छेद 370 खत्म होने के बाद बाहरी राज्य से आकर जम्मू कश्मीर के स्थायी निवासी बनने वाले देश के पहले व्यक्ति बने हैं. दरभंगा के मंझौलिया निवासी इस अधिकारी को निवास प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया है. ऐसा पहली बार हुआ है कि जम्मू–कश्मीर के बाहर के किसी व्यक्ति को निवास प्रमाण पत्र जारी हुआ है. जारी दस्तावेज के अनुसार चौधरी को डोमिसाइल सर्टिफिकेट जम्मू की बाहु तहसील के तहसीलदार डॉ रोहित शर्मा ने जारी किया है.

दरभंगा के हायाघाट प्रखण्ड के मझौलिया गांव रहने वाले नवीन कुमार चौधरी के पिता का नाम श्री देवकांत चौधरी और मां–वैदेही देवी है. चार भाई और एक बहन में नवीन चौधरी सबसे बड़े हैं. 1994 बैच के यूपीएससी परीक्षा में उन्हें 6ठवां रैक मिला था. उनकी प्रारंभिक पढ़ाई गांव के मझौलिया मध्य बुनियादी विधायलय में हुई है. ललितेश्वर मधुसूदन हाई स्कूल से मैट्रिक पास करने के बाद उन्होंने पटना विश्वविद्यालय से स्नातक किया था. वर्तमान में ऐग्रिकल्चर डिपार्टमेंट में प्रिंसिपल सेक्रेटरी हैं.

गौरतलब है कि जम्मू–कश्मीर डोमिसाइल कानून के तहत 15 साल से रहने वाले नागरिकों को यह सर्टिफिकेट हासिल करने का अधिकार है. आइएएस अधिकारी नवीन चौधरी 25 साल की उम्र में जम्मू–कश्मीर का कैडर हासिल कर बिहार से आए थे. 26 साल बाद वह जम्मू–कश्मीर के स्थायी नागरिक बन गए हैं.

इस बीच सोशल मीडिया पर नवीन कुमार चौधरी का डोमिसाइल सर्टिफिकेट वायरल हो रहा है. नवीन चौधरी को यह सर्टिफिकेट जम्मू–कश्मीर ग्रांट डोमिसाइल सर्टिफिकेट रूल्स 2020 के नियम 5 के तहत जारी किया गया है. केंद्र सरकार ने अनुच्छेद 370 के अंत के बाद जम्मू–कश्मीर में नए को मंजूरी दी थी। इसमें उन लोगों को स्थायी निवासी के रूप में मान्यता दी गई थी जो कि 15 साल से जम्मू–कश्मीर में रह रहे हों या जिन लोगों ने यहां पर सात साल तक पढ़ाई की हो और इसी राज्य के स्कूलों में 10वीं एवं 12 की परीक्षा दी हो.

बता दें कि नरेंद्र मोदी – 2 की केंद्र सरकार ने संसद में नया कानून बनाया जिसके तहत जम्मू–कश्मीर एवं लद्दाख को अलग–अलग केंद्र शासित प्रदेश बनाया गया. बिल के मुताबिक, जम्मू–कश्मीर से सरकार ने विशेष राज्य का दर्जा छीन लिया और कहा कि, जम्मू–कश्मीर दिल्ली और पुडुचेरी की तरह होगा, जिसमें विधानसभा में होगी.

# बिहार के पूर्व आइएएस व भागलपुर के पूर्व डीएम केपी रमैया की बढ़ी परेशानी, बहुचर्चित सृजन घोटाले में सीबीआइ ने अलग-अलग प्राथमिकी से जुड़े कुल तीन आरोप पत्र दायर किए

कार्रवाई



डा. राजेश अस्थाना,
एडिटर इन चीफ,
न्यूज टुडे मीडिया समूह




बिहार के पूर्व आइएएस अफसर व भागलपुर के पूर्व डीएम केपी रमैया की परेशानी बढ़ गई है। इस मामले में सीबीआ ने चार्जशीट दायर कर दी है। 1400 करोड़ रुपये के बहुचर्चित सृजन घोटाले में सीबीआइ की विशेष अदालत में जांच एजेंसी सीबीआइ ने भागलपुर के तत्कालीन जिलाधिकारी व पूर्व आइएएस अफसर केपी रमैया, भागलपुर कलेक्ट्रेट स्थित नजारत के तत्कालीन उप समाहर्ता विजय कुमार, नाजिर अमरेंद्र कुमार यादव सहित 60 के खिलाफ आरोप पत्र दायर कर दिया।

### तीन आरोप पत्र किये गए दायर

सीबीआइ ने इस मामले में कुल तीन आरोप पत्र दायर किए हैं। तीनों अलग–अलग प्राथमिकी से जुड़े हैं। तीनों में कुल 91.50 करोड़ रुपये का घोटाला दिखाया गया है। यह राशि फर्जी तरीके से सभी आरोपितों ने आपस में मिलकर सरकार के खाते से सृजन के खाते में भेज दी थी। बाद में सृजन के खाते से रुपये निकालकर सभी ने आपस में बांट लिए थे।

### पहला आरोप पत्र

यह आरोप पत्र 3.5 करोड़ रुपये का है जो भागलपुर के तत्कालीन जिलाधिकारी केपी रमैया, नजारत के उप समाहर्ता विजय कुमार, नाजिर अमरेंद्र कुमार यादव, बैंक ऑफ बड़ौदा के तत्कालीन मुख्य प्रबंधक शंकर प्रसाद दास, तत्कालीन प्रबंधक वरुण कुमार और नवीन कुमार साहा, इंडियन बैंक के तत्कालीन अधिकारी अशोक कुमार अस्थाना, सृजन की तत्कालीन प्रबंधक सरिता झा, तत्कालीन चेयरमैन शुभ लक्ष्मी प्रसाद, तत्कालीन सचिव रजनी प्रिया सहित 28 के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया गया है।

### दूसरा आरोप पत्र

यह भागलपुर स्थित इंडियन बैंक के तत्कालीन मुख्य प्रबंधक देवशंकर मिश्रा और मोहम्मद सरफराजुद्दीन, सहायक प्रबंधक हरे कृष्णा अडक, वरीय प्रबंधक सुमित कुमार, बैंक ऑफ बड़ौदा के तत्कालीन मुख्य प्रबंधक बबन प्रसाद सिन्हा और वरीय प्रबंधक संजय कुमार, सृजन से जुड़ी शुभलक्ष्मी प्रसाद, सरिता झा सहित 19 लोगों के खिलाफ दायर किया गया है। इसमें 50 करोड़ का घोटाला दर्शाया गया है। यह पूरक आरोप पत्र है। इसी मामले में इसके पूर्व पहला आरोप पत्र सात आरोपितों के खिलाफ दायर हुआ था।

### तीसरा आरोप पत्र

यह 13 लोगों के खिलाफ दायर किया गया है। इसमें 38 करोड़ का गबन दिखाया गया है। इसमें भागलपुर स्थित इंडियन बैंक के तत्कालीन प्रबंधक सुजीत राहा, तत्कालीन अधिकारी अशोक कुमार अस्थाना, सहायक प्रबंधक रंजीत कुमार पाल, बैंक अधिकारी संजीव कुमार, सृजन की शुभ लक्ष्मी प्रसाद, सरिता झा सहित 13 के नाम शामिल हैं। सभी आरोप पत्र सृजन की संस्थापक मनोरमा देवी को मृत दिखाते हुए दायर किए गए हैं।

NEWS TODAY UPDATE
www.newstodayupdate.in
A Fast Growing Web News Portal

# लोजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने एक बार फिर अपने पुराने अंदाज में किया नीतीश सरकार पर हमला, कहा- किसी भी परिस्थिति में हम चुनाव के लिए हैं तैयार



संतोष राऊत
न्यूज टुडे,

सियासी गहमा-गहमी




लोजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने एक बार फिर अपने पुराने अंदाज में नीतीश सरकार पर हमला किया है। उन्होंने बिहार को स्पेशल स्टेटस को लेकर निशाना बनाया है। कहा है कि बिहार को विशेष राज्य का दर्जा ठीक है, लेकिन राज्य को अपना संसाधन भी बढ़ाना होगा। इसके अलावा चिराग पासवान ने लोजपा के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को कहा कि किसी भी परिस्थिति में चुनाव के लिए वे सब तैयार रहें।

### सीटों को लेकर खटास के दिए संकेत

लोजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने अपने दल के सभी जिलाध्यक्षों, प्रधान महासचिव, प्रकोष्ठ अध्यक्षों तथा प्रदेश संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित किया। इस क्रम में चिराग ने सीटों को लेकर खटास की संभावना पर सीधे–सीधे तो कुछ नहीं कहा, लेकिन पार्टी नेताओं को संकेत में बताया कि किसी भी परिस्थिति में हमें चुनाव के लिए तैयार रहना है। अपने पुराने तेवर में चिराग अप्रत्यक्ष तरीके से राज्य सरकार पर हमलावर दिखे। हाल ही में उन्होंने कहा था कि उन्हें मजबूरी में बोलना पड़ता है, क्योंकि उन्हें जवाब नहीं मिलता।

### राज्य को संसाधन बढ़ाने की जरूरत

चिराग पासवान ने कहा कि बिहार के लिए विशेष राज्य का दर्जा तो ठीक है, पर सरकार को अपने संसाधन बढ़ाने चाहिए। बाहर के राज्यों से लौटे कामगारों के लिए रोजगार की व्यवस्था होनी चाहिए। उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव के बाद लोजपा नए बिहार में शिल्पकार की भूमिका में होगी। सच्चा लोजपाई वही होगा जो बिहार को बेहतर बनाने के लिए काम करेगा। उन्होंने कहा कि जल्द ही पार्टी प्रदेश स्तर पर वर्चुअल रैली और जिला स्तर पर डिजिटल रैली करेगी।

### चिराग का हमला कोई नया नहीं

गौरतलब है कि चिराग पासवान का यह हमला वाला स्टाइल आज कोई नया नहीं है। कोरोना संकट के पहले उन्होंने यात्रा निकाली थी। उसमें भी उन्होंने अप्रत्यक्ष रूप से सरकार पर हमला करते नजर आते थे। खासकर बिहार में बढ़ते क्राइम को लेकर वे सरकार को घेरते थे।

नोट: हमारे यहाँ प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले छात्र- छात्राओं को फिल्म में काम मिलने की गारंटी है।
Acting ( 6 Months ) | Film Direction ( 6 Months ) | Video Editing ( Months )
Cinematography ( Camera & Light ) | Fashion Photography & Videography
Sound Recording & Audio Engineering | Creative Writing ( Dialogue, Script )
TV Journalism, News Reading & Anchoring
P.R. Advt. & Event Management
1- Yr. Deploma Courses After 10+2
1- Yr. P.G. Deploma Courses After Graduation
Admission Notice
Chetan Institute of Film & Television
Run & Managed by : Chetan( A Social Cultural & Educational organization, Regd. No.: 960/1999-2000)
प्रधान कार्यालय: अञ्चना निवास, मठिया जिरात, मोतिहारी-845401.( बिहार )
इंस्टीट्यूट: अशोक पब्लिक स्कूल, सिंघिया हिवन, मोतिहारी-845401.( बिहार )
मो नं: 9471005272/9955447675 email: newstodayhindimagazine@gmail.com newstodaymth@gmail.com

Yuvaraj Media & Entertainment
बिहार विधानसभा चुनाव में डिजीटल प्रचार के लिए संपर्क करें:
Contact For Advt. (Still & Video), News: +91 9471005272, 8210595830

## दिवंगत सुशांत सिंह राजपूत के पटना स्थित उनके आवास पर पहुंचे फिल्म अभिनेता नाना पाटेकर, पिता को संयम से रहने का आग्रह किया, कहा- सुशांत नेकदिल इंसान थे

विनम्र श्रद्धांजलि



आशीष राज,
स्थानीय संपादक,




फिल्म अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत को लेकर हर कोई दुखी है। उनके गम में पीड़ित परिवार से हर कोई मिलना चाह रहा है। इसी कड़ी में दिवंगत सुशांत सिंह राजपूत के पटना स्थित उनके आवास पर रविवार को फिल्म अभिनेता नाना पाटेकर पहुंचे। नाना पाटेकर सुशांत के पिता केके सिंह से मिले। उन्हें सांत्वना दी। पिता को संयम से रहने का आग्रह किया। बता दें कि इसके पहले नेताओं व अभिनेताओं के मिलने का सिलसिला लगातार जारी है।

दरअसल, फिल्म अभिनेता नाना पाटेकर दो दिन के दौरे पर बिहार आए हैं। वे शनिवार को मोकामा के औंटा गए हुए थे। वहां उन्होंने एक एनजीओ के कार्यक्रम में शिरकत की। साथ ही खेतों में भी घूमे। इसके अलावा इस मानसूनी मौसम में नाना पाटेकर खेत में हल भी चलाया। उन्हें देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी थी। वहीं रविवार को वे सेना के जवानों से भी मिले। सेना के जवानों ने नाना पाटेकर के साथ सेल्फी भी ली।

इसके बाद नाना पाटेकर पटना के राजीव नगर स्थित सुशांत सिंह राजपूत के घर पर पहुंचे। वे सुशांत के पिता केके सिंह से मिले। नाना ने सुशांत के पिता को धैर्य से काम लेने का आग्रह किया। कहा, सुशांत नेकदिल इंसान थे। उन्हें जरूर इंसाफ मिलेगा। पूरा देश सुशांत की मौत से दुखी है।

गौरतलब है कि इसके पहले भोजपुरी एक्टर व बीजेपी सांसद मनोज तिवारी ने उनके घर गए थे। बाद में भोजपुरी एक्टर खेसारी लाल यादव, राकेश मिश्रा समेत अन्य लोग पहुंचे। राकेश मिश्रा ने तो यहां तक कहा कि सुशांत भैया की घटना से अब बॉलीवुड से अब डर लगने लगा है। उन्होंने सीबीआई जांच की मांग की। पिछले सप्ताह सुशांत के घर पर भोजपुरी एक्टर व सिंगर अक्षरा सिंह भी पहुंची थीं। उन्होंने भी पिता केके सिंह को सांत्वना दी थी।

## स्कूल में डांस और एक्टिंग में भाग लेते-लेते कब वह सिविल सर्विस में चली गई, इसका पता ही नहीं चला : सिमाला प्रसाद

बड़ी उपलब्धि



डा. राजेश अस्थाना,
एडिटर इन चीफ,
न्यूज टुडे मीडिया समूह




मध्य प्रदेश में सोमवार को आईपीएस अफसरों के तबादले हुए तो उनमें एक नाम सबसे ज्यादा चर्चा में है और वो नाम है आईपीएस सिमाला प्रसाद. उनकी चर्चा पुलिस महकमे में अलग हटकर काम करने से तो है ही, उसके अलावा उनका बॉलीवुड कनेक्शन भी उनकी अलग शख्सियत बयां करता है.
न्यूज टुडे टीम ने उनसे इस बारे में बात की. फिल्मों में काम करने की बात पर वह ज्यादा तो नहीं बोलीं और कहने लगीं कि अब यह पुरानी बात हो गई है. अभी तो फिलहाल बैतूल में ड्यूटी ज्वॉइन करनी है.

सीमाला प्रसाद 2011 बैच की आईपीएस ऑफिसर हैं. इससे पहले वह एमपी पीएससी में चयनित होकर डीएसपी भी बनीं लेकिन उन्हें कुछ अलग हटकर करना पसंद था, इसलिए उन्होंने सिविल सर्विस की तैयारी की और 2011 बैच की आईपीएस अफसर बनीं.

आईएएस अधिकारी और सांसद डॉ. भागीरथ प्रसाद व साहित्यकार मेहरून्निसा परवेज की बेटी सीमाला को प्रशासनिक अनुभव और अभिनय कला विरासत में मिली, जिसकी छाप उनके जीवन पर रही. स्कूल में डांस और एक्टिंग में भाग लेते–लेते कब वह सिविल सर्विस में चली गईं, इसका पता ही नहीं चला.
पहली परीक्षा में ही पीएससी में वो सिलेक्ट हो गई और उनकी पहली नियुक्ति डीएसपी के रूप में हुई. सिमाला को सबसे पहले रतलाम में सीएसपी बनाया गया लेकिन उसके बाद भी वे अखिल भारतीय प्रशासनिक सेवाओं की तैयारी में जुटी रहीं और साल 2011 में उनका आईपीएस में चयन हो गया.

## ब्रावो फाउंडेशन ने जिला विधिज्ञ संघ भवन में लगवाया ऑटोमेटिक हैंड सैनिटाइजर डिस्पेंशर



सम्राट, संवाददाता

अनुकरणीय पहल




ब्रावो फाउंडेशन द्वारा वैश्विक महामारी कोरोना के रोकथाम में लगातार चम्पारण में मदद एवम सहयोग का दौर जारी है। जिले एवम शहर के विभिन्न प्रमुख स्थानों पर ऑटोमेटिक हैंड सैनिटाइजर डिस्पेंशर लगाने के क्रम में मंगलवार को ब्रावो फाउंडेशन के मुख्य संरक्षक सह ब्रावो फार्मा के चेयरमैन राकेश पांडेय के निर्देश पर जिला विधिज्ञ संघ के भवन में संघ के जेनेरल सेक्रेटरी कन्हैया कुमार सिंह की उपस्थिति में एक ऑटोमेटिक हैंड सैनिटाइजर डिस्पेंशर लगाया गया ताकि वहा आने वाले सभी व्यक्ति अपने को सुरक्षित कर सके व कोरोना से जंग जीतने में मदद कर सके।

श्री राकेश पांडेय ने बताया कि जल्द ही और अति महत्वपूर्ण स्थानों को चिन्हित कर वहाँ भी ऑटोमेटिक हैंड सैनिटाइजर डिस्पेंशर लगाने का काम किया जाएगा ताकि चम्परानवासियो को ज्यादा से ज्यादा सुविधा उपलब्ध कराया जा सके। ज्ञात हो कि ब्रावो फाउंडेशन लगातार मार्च महीने से ही कोरोना से जंग जीतने व चम्परानवासियो के मदद के लिए अनेकों प्रकार का सहयोग करता रहा है।

मंगलवार को जिला विधिज्ञ संघ भवन में ऑटोमेटिक हैंड सैनिटाइजर डिस्पेंशर लग जाने प्रफुल्लित हो संघ के जेनेरल सेक्रेटरी कन्हैया कुमार सिंह ने ब्रावो फाउंडेशन के साथ साथ राकेश पांडेय की भूरी भूरी प्रसंसा करते हुए साधुवाद दिए।मौके पर विधिज्ञ संघ के दर्जनों सदस्यों के साथ फाउंडेशन के नीरज कुमार, विवेक कुमार, राजेश रंजन, चुलबुल पांडेय, विनय कुमार, वीरेंद्र प्रसाद साहू, उपेन्द्र पटेल इत्यादि उपस्थित रहे।














युवराज न्यूज टुडे
RNI:- BIHHIN05409
newstodayupdate.in
आपकी आवाज़
NEWS TODAY UPDATE
www.newstodayupdate.in
A Fast Growing Web News Portal







Yuvaraj Media & Entertainment
बिहार विधानसभा चुनाव में डिजीटल प्रचार के लिए संपर्क करें:
Contact For Advt. (Still & Video), News: +91 9471005272, 8210595830